जीविका
गरीबी निवारण हेतु बिहार सरकार की पहल
बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति
राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहार
बिहार सरकार
प्रथम तल, विद्युत भवन – 2, बेली रोड, पटना – 800 021, दूरभाष : +91–612–250 4980, फैक्स : +91–612–250 4960, वेबसाइट : www.brlp.in

Ref: BRLPS/ESH/482/11/Vol-II/3978 Date :- 29.01.2015

# कार्यालय आदेश

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) के सभी जिलों के अंतर्गत प्रखंड इकाइयों के लेखापालों के रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। कुल **433** लेखापालों का चयन किया गया है। फरवरी 2015 के प्रथम सप्ताह तक नव नियुक्त सभी लेखपालों के योगदान कर लेने की संभावना है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 28-01-2015 से दिनांक 04-02-2015 के दौरान कुल छ: चरणों में सभी चयनित लेखापाल राज्य कार्यालय में योगदान करेंगे तथा योगदान करने के उपरांत इन्हें दो दिनों की प्रारंभिक सामान्य अभिमुखीकरण के उपरांत लेखा विषयक सैध्यान्तिक एवँ व्यवहारिक प्रशिक्षण देने की योजना है। इस विशेष प्रशिक्षण हेतु चार जिला इकाइयों यथा, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, गया एवं खगरिया का चयन किया गया है जहाँ विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा (अनुलग्नक "क")।

चयनित सभी नव नियुक्त लेखापालों के सघन सैध्यान्तिक एवँ व्यवहारिक प्रशिक्षण को सुचारू एवं सफल संचालन हेतु निम्नांकित आदेश निर्गत किये जा रहे हैं :-

१. प्रत्येक बैच के लेखापालों को दस दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा जिसमें प्रथम तीन दिनों के लेखा विषयक सैधांतिक प्रशिक्षण के उपरांत अगले तीन दिनों का प्रखंड -सह-सामुदायिक स्तरीय प्रशिक्षण दी जयेगा। तदोपरान्त पुनः तीन दिनों के जिला स्तर पर प्रशिक्षण एवं एक दिन का अभिमुखीकरण के उपरांत उनको अपने मूल पदस्थापन प्रखंड इकाई में योगदान हेतु विरमित कर दिया जायेगा।

२. प्रशिक्षण हेतु आवासीय व्यवस्था इस प्रकार की जाएगी कि पहले बैच के प्रथम तीन दिनों के प्रशिक्षण के उपरान्त प्रशिक्षणार्थियों के प्रखंड -सह-सामुदायिक स्तरीय प्रशिक्षण हेतु प्रस्थान करने के उपरांत अगले बैच के प्रशिक्षणार्थियों को आवासीय व्यवस्था उपलब्ध हो जाये तथा पुनः प्रखंड -सह-सामुदायिक स्तरीय प्रशिक्षण के बाद जिला स्तरीय दूसरे दौर के प्रशिक्षण हेतु लौटने के पूर्व अगला बैच प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण हेतु प्रस्थान कर जाएँ।

३. सम्बंधित जिला के जिला परियोजना प्रबंधक अपने जिले में प्रतिनियुक्त लेखापालों के दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा अपने वित्त प्रबंधक की इस कार्यक्रम में पूर्ण सहभागिता हेतु आदेश निर्गत करेंगे।

Contd - 2

४. सम्बंधित जिले के वित्त प्रबंधक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये स्थानीय जिला साधन सेवी की भूमिका में होंगे। आवश्यकता अनुरूप वे जिला / प्रखंड के लेखापालों अथवा निश्चित अवधि के लिए अन्य जिले से साधन सेवी की मांग कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त राज्य इकाई से तीन लेखापालों, यथा श्री जितेन्द्र, श्री गौरव, श्री पप्पू एवं श्री सुबोध की सेवा भी आवश्यकता अनुरूप उपलब्ध करायी जाएगी।

५. इस प्रशिक्षण कार्यक्रम पर होने वाले अनुमानित व्यय का बजट निम्नवत है. जिला इकाई के द्वारा वस्तविक व्यय की राशि जिला के सम्बंधित वजट शीर्ष के अंतर्गत लेखांकित की जायेगी.

६. प्रति बैच प्रशिक्षण हेतु व्यय की अधिकतम सीमा रु० 3,05,600.00 होगी जो निम्नांकित गतिविधियों हेतु व्यय की जाएगी :

| क्रम स. | विवरणी | इकाई | इकाई लगत | कुल दिनों की संख्या | कम अनुमानित राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | आवास एवं भोजन | 40 | 750.00 | 07 | 2,10,000.00 | |
| २ | स्टेशनरी (नोट बुक, पेन्सिल,पेन,शार्पनर,ग्रुप फोटो इत्यादि | 40 | 300.00 | | 12,000.00 | |
| ३ | वाहन व्यवस्था (जिला स्तर ) वाहन व्यवस्था (प्रखंड -सह-सामुदायिक स्तरीय) | 01<br>05 | 1,500.00<br>1500.00 | 10<br>02 | 15,000.00<br>15,000.00 | |
| ४ | प्रखंड / ग्राम स्तर पर दैनिक भत्ता (समुदाय के साथ रहने हेतु) | 36 | एकमुश्त | 03 | 48,600.00 | 250/- (प्रति व्यक्ति प्रति दिन) भोजन एवं अन्य व्यय हेतु दैनिक भत्ता के रूप में दी जाएगी |
| ५ | अन्य व्यय | 01 | एकमुश्त | 01 | 5,000.00 | |
| | कुल राशि प्रति बैच | | | | 3,05,600.00 | |

Contd - 3

७. प्रशिक्षणार्थियों के क्षेत्र भ्रमण हेतु वाहन एवं प्रशिक्षण हेतु स्टेशनरी, कंप्यूटर , प्रोजेक्टर इत्यादि की व्यवस्था जिला इकाई स्वीकृत बजट के अधीन करेगी।.

८. प्रशिक्षण हेतु दिवस-वार विषय एवं समय सारिणी इस आदेश के साथ अनुलग्नक "ख" के रूप में संलग्न की गयी है।

९. प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु राज्य कार्यालय से निम्नांकित पदाधिकारी नॉडल व्यक्ति होंगे जो प्रशिक्षण के महत्वपूर्ण विषय पर प्रशिक्षण देने के साथ पुरे प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण एवं समन्वयन करेंगे :

| जिला इकाई | राज्य कार्यालय के नोडल पदाधिकारी |
|---|---|
| मुजफ्फरपुर, | श्री उदय कुमार वर्मा, राज्य वित्त प्रबंधक |
| मधुबनी, | श्री सिकंदर कुमार, सहायक वित्त प्रबंधक |
| गया | श्री सूर्यकान्त शर्मा ,राज्य वित्त प्रबंधक |
| खगरिया | श्री रंजीत कुमार ,वित्त पदाधिकरी |

29/1/15

( अरुण कुमार साह )
राज्य परियोजना प्रबंधक (मानव संसाधन)

प्रतिलिपि :

१. जिला परियोजना प्रबंधक / वित्त प्रबंधक / प्रबंधक (मानव संसाधन), जिला इकाई - मुजफ्फरपुर, मधुबनी, गया एवं खगरिया;
२. मुख्य वित्त पदाधिकारी (प्रभारी), वित्त पदाधिकारी, राज्य वित्त प्रबंधक
३. विशेष कार्य पदाधिकारी / निदेशक ;
४. सभी परियोजना समन्वयक / राज्य परियोजना प्रबंधक

को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

29/1/15

( अरुण कुमार साह )
राज्य परियोजना प्रबंधक (मानव संसाधन)

Annexure " A "

## Deployment of Accountants for Training in DPCUs

| Date of Joining in SPMU | Induction at SPMU | Transit | Reporting at DPCU | Training venue DPCU | |
|---|---|---|---|---|---|
| 28-1-2015 | 29-1-2015 | 30-1-2015 | 31-01-2015 | GAYA (36) | MUZAFFARPUR(36) |
| 29-1-2015 | 30-1-2015 | 31-1-2015 | 02-2-2015 | MADHUBANI (36) | KHAGARIA (36) |
| 30-1-2015 | 31-1-2015 | 02-2-2015 | 03-2-2015 | GAYA (36) | MUZAFFARPUR(36) |
| 02-2-2015 | 03-2-2015 | 04-2-2015 | 05-2-2015 | MADHUBANI (36) | KHAGARIA (36) |
| 03-2-2015 | 04-2-2015 | 05-2-2015 | 06-2-2015 | GAYA (36) | MUZAFFARPUR(36) |
| 04-2-2015 | 05-2-2015 | 06-2-2015 | 08-2-2015 | MADHUBANI (36) | GAYA (37) |

## District Wise Budget Allocation

| Sl | Name of DPCU | Batch No | Unit Cost / Batch | Amount |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Gaya | 4 | Rs.3,05,600 | Rs.12,22,400.00 |
| 2 | Muzaffarpur | 3 | | Rs.9,16,800.00 |
| 3 | Madhubani | 3 | | Rs.9,16,800.00 |
| 4 | Khagaria | 2 | | Rs.6,11,200.00 |
| | Total | 12 | Rs.3,05,600 | Rs.36,67,200.00 |

29/1/15

( अरुण कुमार साह )

राज्य परियोजना प्रबंधक (मानव संसाधन)